>

Title: Need to enhance the age of retirement of employees of Sambhar Salt and Hindustan Salt companies in Jaipur Rural Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री लालचन्द कटारिया (जयपुर ग्रामीण): मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर ग्रामीण के अंतर्गत सांभर साल्ट एवं हिन्दुस्तान साल्ट नामक दो कंपनियां स्थित हैं जिसमें लगभग 205 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं जिनकी सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष है। जिनकी सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 60 वर्ष किया जाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि ये कंपनी पिछले काफी वर्षों से घाटे में चल रही थी लेकिन प्रबंधकों के अथक परिश्रम एवं कर्तव्य परायणता की वजह से ये अब अपना घाटा भी कम कर रही है एवं शीघ्र ही लाभ देयता की स्थिति में होगी।

ये कंपनियां आर्थिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से जयपुर ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

मैं भारत सरकार से यह मांग करता हूं कि सांभर साल्ट एवं हिन्दुस्तान साल्ट नामक कंपनियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की जाए।